# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:..........................

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (16.01.2025)**

HINDUSTAN MUZAFFARPUR , DATE - 16.01.2025 ,PAGE - 04

# बीआरएबीयू में वोकेशनल की परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में बुधवार से वोकेशनल कोर्स की परीक्षाएं शुरू हुईं। परीक्षा में पहलीबार छात्रों के अटेंडेंस शीट पर छात्रों की तस्वीर लगाई गई थी। पहले दिन बीसीए और बीबीए के पहले सेमेस्टर की परीक्षा थी। बीसीए के अलावा एमसीए और एमबीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा भी शुरू हुई। पहले दिन की परीक्षा में 2799 परीक्षार्थी शामिल हुए।

परीक्षा विभाग के अनुसार कहीं से किसी कदाचार की सूचना नहीं है। वोकेशनल में 13 विषयों की परीक्षा होनी है। पूरी परीक्षा में सात हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। वोकेशनल परीक्षा के लिए दो केंद्र आभा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज व ओल्ड सोशल साइंस ब्लॉक बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह 9.30 से 12.30 और दूसरी पाली दोपहर 1.30 से 4.30 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह आठ बजे से छात्र पहुंच गये थे।

**अटेंडेंस शीट पर तस्वीर देख छात्र आश्चर्यचकित:** वोकेशनल कोर्स की परीक्षा में एडमिट कार्ड के अलावा अटेंडेंस शीट पर अपनी तस्वीर देखकर छात्र आश्चर्यचकित हो गये। अबतक सिर्फ उन्हें एडमिट कार्ड पर ही तस्वीर रहने का पता था। फोटो के साथ अटेंडेंस शीट पर छात्र का नाम, रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर पहले से लिखा हुआ था। छात्र को सिर्फ कॉपी नंबर और हस्ताक्षर करना था।

**सवालों पर चर्चा करते रहे छात्र:** वोकेशनल की परीक्षा खत्म होने के बाद केंद्र से बाहर निकलने पर छात्र सवालों पर चर्चा करते रहे। कई छात्र परीक्षा शुरू होने से पहले भी केंद्र के बाहर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। वोकेशनल की परीक्षा 29 जनवरी तक चलेगी। वोकेशनल में बीसीए, बीबीए से लेकर एमबीए तक की परीक्षा हो रही है। पहले दिन परीक्षा को लेकर परीक्षा विभाग ने पूरी तैयारी की थी। केंद्रों पर समय से पहले अटेंडेंस शीट भेज दिये गये थे। बीआरएबीयू में नौ जनवरी से स्नातक पहले सेमेस्टर की भी परीक्षा चल रही है। इस परीक्षा में एक लाख 56 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।



बीआरएबीयू के इतिहास विभाग में बुधवार को परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए कतारबद्ध परीक्षार्थी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 16.01.2025, PAGE-04

# संगोष्ठी: महात्मा गांधी पर विस्तृत शोध की आवश्यकता: कुलपति

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। नीतीश्वर कॉलेज में बुधवार को कॉलेज के संस्थापक नीतीश्वर प्रसाद सिंह की 191वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर महात्मा गांधी के जीवन दर्शन व उनकी प्रासंगिकता विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी हुई। उद्घाटन बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया। उन्होंने कॉलेज के आधुनिक पुस्तकालय, आईक्यूएसी भवन तथा स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया।

कुलपति ने कहा कि महात्मा गांधी पर शोध के काफी अवसर उपलब्ध हैं। उनपर विधिवत शोध की आवश्यकता है। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन के अंतर्गत गांधी जी और स्वच्छता पर विस्तृत चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी से ही प्रेरणा लेकर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया।मुख्य वक्ता प्रो. अनिल ओझा ने हिंद स्वराज, चंपारण सत्याग्रह में महात्मा गांधी की भूमिका का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर गांधी है, केवल उसे बाहर निकालने की आवश्यकता है।

विवि के छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ. आलोक प्रताप ने कहा कि गांधियन मॉडल आज देश की जरूरत है। मंच संचालन डॉ. निखिल रंजन प्रकाश और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बेबी कुमारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो. नरेंद्र नारायण सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. मोती सिंह, डॉ. अभय कुमार सिन्हा, डॉ. रंजना सिन्हा, डॉ. जितेंद्र कुमार लाल दास, डॉ. आर्य प्रिय आदि उपस्थित थे।

DAINIK JHGRAN MUZAFFARPUR DATE: 16.01.2025 PAGE-04

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने किया एक और एमओयू

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय और मिडलेबुरी इंस्टीट्यूट आफ इंटरनेशनल स्टडीज के बीच एमओयू हुआ है। संस्थान के डीन व उपाध्यक्ष अकादमिक डा. जेपट डेटन जानसन व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने इस पर हस्ताक्षर किया है। एमओयू के तहत शोध व अकादमिक गतिविधियों मे सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग महत्वपूर्ण रूप से वर्णित है। इसके साथ बीआरएबीयू का लगभग तीन दर्जन विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हो चुका है। (जासं)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.01.2025, PAGE-04

# प्रत्येक व्यक्ति के भीतर गांधी, बाहर लाने की आवश्यकता

- नीतीश्वर प्रसाद सिंह स्मृति व्याख्यानमाला के तहत आयोजित संगोष्ठी में बोले डा. अनिल ओझा
- महाविद्यालय में आधुनिक पुस्तकालय आइक्यूएसी भवन और स्मार्ट क्लास का किया गया उद्घाटन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. अनिल ओझा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर गांधी हैं। बस उन्हें बाहर लाने की आवश्यकता है। जीवन के हर क्षेत्र में गांधी का जीवन दर्शन महत्वपूर्ण है।

वे बुधवार को नीतीश्वर प्रसाद सिंह स्मृति व्याख्यान माला के तहत महाविद्यालय में 'महात्मा गांधी का जीवन दर्शन व उसकी प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने महात्मा गांधी की आत्मकथा का विस्तृत वर्णन करते हुए हिंद स्वराज व चंपारण सत्याग्रह में उनकी भूमिका का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि महात्मा गांधी पर शोध के काफी अवसर उपलब्ध हैं। कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने गांधीजी से ही प्रेरणा लेकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इससे पहले कुलपति ने महाविद्यालय में आधुनिक पुस्तकालय, आइक्यूएसी भवन व स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि गांधियन माडल आज देश की जरूरत है। इस अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन डा. निखिल रंजन प्रकाश व धन्यवाद ज्ञापन डा. बेबी कुमारी ने किया। मौके पर पूर्व प्राचार्य डा. नरेंद्र नारायण सिंह, डा. वीरेंद्र कुमार सिंह, डा. मोती सिंह, डा. अभय कुमार सिन्हा, डा. रंजना सिन्हा, डा. जितेंद्र कुमार लाल दास, डा. आर्या प्रिय, डा. कामरान गनी, डा. रवि रंजन, डा. रणवीर कुमार समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



नीतीश्वर सिंह कालेज में आयोजित संगोष्ठी में बोलते कुलपति (दाएं) • जागरण

## आनलाइन स्टूडियो में विशेष व्याख्यान की शुरुआत

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : एलएनटी कालेज में आनलाइन स्टूडियो विशेष व्याख्यान की शृंखला में बुधवार को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सह स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डा. कांतेश कुमार ने भारतीय राजनीति व्यवस्था के अंतर्गत भारत के संविधान की प्रस्तावना पर विचार रखे। यह व्याख्यान महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया जाएगा। मौके पर प्राचार्य डा. अभय कुमार सिंह के अलावा आनलाइन स्टूडियो समन्वयक डा. अर्चना, तकनीकी सहयोगी डा. साक्षी वर्मा भी थीं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:16.01.2025, PAGE-04

### विश्वविद्यालय को मिले समाजशास्त्र के तीन शिक्षक

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को समाजशास्त्र विषय में तीन नए शिक्षक मिलेंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से जारी परिणाम के आधार पर सफल अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालयों का आवंटन कर दिया गया है। वहीं आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के बाद पीएचडी उपाधि हासिल करने के कारण एक अभ्यर्थी का चयन रद किया गया है। उल्लेखनीय है कि कुल 108 अभ्यर्थियों ने सफलता पाई थी। विश्वविद्यालय में भेजे गए पैनल के आधार पर काउंसिलिंग होगी। (जास)

### विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को मिलेगा प्रशिक्षण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने से पहले बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी योजना विश्वविद्यालय की ओर से तैयार की गई है। बताया गया है कि फरवरी के तीसरे सप्ताह से प्रशिक्षण शुरू करने की योजना है। इसमें राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही बेहतर प्रस्तुति और थीम का निर्धारण करते हुए उसकी तैयारी होगी। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को विश्वविद्यालय के स्तर से सम्मानित करने की तैयारी है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन नोएडा के एमआइटी में तीन से सात मार्च तक होना है। ईस्ट जोन युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय की टीम ने लोक नृत्य में दूसरा और मिमिकी में तीसरा स्थान हासिल किया था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 16.01.2025, PAGE-04

# गांधीयन मॉडल मौजूदा वक्त की है जरूरत : वीसी

- नीतीश्वर प्रसाद सिंह की 111वीं जयंती के मौके पर हुई संगोष्ठी

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

नीतीश्वर प्रसाद सिंह स्मृति व्याख्यानमाला के तहत महाविद्यालय में स्मृतिशेष नीतीश्वर प्रसाद सिंह की 111वीं जयंती मनायी गयी. महात्मा गांधी का जीवन-दर्शन एवं उसकी प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी हुई. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चन्द्र राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. वीसी ने महाविद्यालय के आधुनिक पुस्तकालय, आइक्यूएसी भवन व स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया. कहा कि महात्मा गांधी पर शोध के काफी अवसर हैं. उनपर विधिवत शोध की जरूरत है. उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन के अन्तर्गत गांधीजी व स्वच्छता पर विस्तृत चर्चा की. कहा कि प्रधानमंत्री ने गांधीजी से ही प्रेरित होकर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया.इस अवसर पर महाविद्यालय के सांस्कृतिक टीम की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी. महाविद्यालय गीत, स्वागत गीत व राष्ट्रगान के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने माहौल उत्सवी बना दिया. मंच संचालन डॉ निखिल रंजन प्रकाश व धन्यवाद ज्ञापन डॉ बेबी ने किया. इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो नरेंद्र नारायण सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ मोती सिंह, डॉ अभय सिन्हा, डॉ रंजना सिन्हा, डॉ जितेन्द्र लाल, डॉ आर्य प्रिय, डॉ कामरान गनी, डॉ रवि रंजन, डॉ रणवीर, डॉ शशि पासवान, डॉ नीतू सिंह, डॉ इन्द्राणी राय, डॉ एच दिलशी, डॉ संजीव, डॉ रविन्द्र, डॉ पूजा गुप्ता सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



कॉलेज में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करते वीसी.

## प्रत्येक व्यक्ति के अंदर गांधी है : प्रो अनिल

बीआरएबीयू के पूर्व राजनीतिविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो अनिल ओझा ने महात्मा गांधी की आत्मकथा का विस्तृत वर्णन किया. उन्होंने हिन्द स्वराज, चम्पारण सत्याग्रह में उनकी भूमिका पर व्याख्यान दिया. कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर गांधी है. केवल उसे बाहर निकालने की जरूरत है. जीवन के हरेक क्षेत्र में गांधी का जीवन-दर्शन अहम है. विवि के अध्यक्ष छात्र-कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि गांधीयन मॉडल से देश का आर्थिक विकास सर्वोतम होगा. उन्होंने गांधी जीवन दर्शन के आधार पर जीवन यापन की बात कही.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR,
MUZAFFARPUR
DATE:16.01.2025
PAGE-04

# परीक्षा में फोटो का किया गया सत्यापन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से बुधवार से दो केंद्रों पर वोकेशनल कोर्स की परीक्षा शुरू हुई. पहली बार इस परीक्षा में उपस्थिति पत्रक पर अभ्यर्थियों की तस्वीर प्रकाशित की गयी थी. ऐसे में परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के चेहरे का मिलान उपस्थिति पत्रक से किया गया. परीक्षाओं में फर्जी परीक्षार्थियों के बैठने के बाद विश्वविद्यालय ने ऐहतियात के तौर पर यह कदम उठाया है. दो केंद्रों शुरू हुई परीक्षा में 2700 से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं. बताया गया कि परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE-16.01.2025, PAGE-03

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं मैडिलबरी इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज ऐट मॉन्टेरी, के मध्य एमओयू किया गया है

कोमल शाही ( विश्व गुरु भारत )

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं मैडिलबरी इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज ऐट मॉन्टेरी, के मध्य एमओयू किया गया है। एमओयू पर मैडिलबरी इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज ऐट मॉन्टेरी (एमआईएस) के डीन एवं उपाध्यक्ष, अकादमिक डॉ.जेफ्ट डेटन जॉनसन एवं बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने इस्ताक्षर किया। इस एमओयू के अंतर्गत शोध एवं अकाद मिक गति. विधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में सहयोग महत्वपूर्ण रूप से वर्णित है. इस समझौता के साथ ही विश्वविद्यालय का लगभग तीन दर्जन विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हो चुका है।

